हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 2 जुलाई 2024
नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

04 मुहिम चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई ...



07 अतिथियों ने कक्षा नर्सरी से कक्षा 12 के प्रतिभावान...



## खबर संक्षेप

### अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुए श्रद्धालु



सीहोर। बाबा अमरनाथ सेवा मंडल गल्ला मंडी के तत्वाधान में सोमवार को दोपहर साढ़े तीन बजे शहर के रेलवे स्टेशन से कश्मीर स्थित प्रमुख तीर्थ स्थल श्री अमरनाथ गुफा के दर्शन के लिए शहर से श्रद्धालुओं का दल रवाना किया गया। 100 सदस्यीय मंडल के अध्यक्ष राम भरोस यादव के नेतृत्व में रवाना होगा। श्री यादव के मुताबिक सोमवार को श्रद्धालु शहर के रेलवे स्टेशन से मालवा ट्रेन से रवाना हुए। वे पहलगांव चंदन बाड़ी पहुंचकर इस मार्ग से पवित्र बर्फानी शिवलिंग के दर्शन के लिए चढ़ाई शुरू करेंगे। यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। इस संबंध में जानकारी देते हुए अध्यक्ष श्री यादव ने बताया कि विगत 11 सालों से मंडल के द्वारा बड़ी संख्या में श्रद्धालु जत्थे में शामिल होते है और पूरे उत्साह के साथ यात्रा करते है। लगभग दस दिनों के इस सफर में प्रतिदिन भजन और कीर्तन का आयोजन भी किया जाता है। इस मौके पर जिला संस्कार मंच सहित अन्य संगठनों के द्वारा सोमवार को बाबा अमरनाथ सेवा मंडल गल्ला मंडी के तत्वाधान में जाने वाले श्रद्धालुओं के जत्थे का स्वागत किया गया।

### डीफ स्थानांतरण नीति लागू करने की मांग

सीहोर। मध्य प्रदेश विसबल परिवार की लगातार एक साल से चली आ रही एसएएफ से डीफ स्थानांतरण नीति लागू करने के लिए सरकार के द्वारा अभी तक कोई भी कदम नहीं उठाया गया। इसमें तात्कालिक शिक्षा मंत्री श्री मोहन यादव वर्तमान मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन के द्वारा पी नोट सीट जारी की गई थी। फिर भी उनके द्वारा कोई भी निर्णय नहीं लिया गया। अपने परिवार से दूर रहने के कारण हमेशा मानसिक तनाव में रहने के कारण कई लोगों के परिवार टूट गए हैं एवं कई लोगों के द्वारा आत्महत्या भी की गई है। इस सम्बंध में मुख्यमंत्री जी को अवगत कराने के बाद भी, स्थानांतरण नीति को लागू नहीं किया गया है। विसबल परिवार ने आग्रह किया है कि इसको जल्द से जल्द संज्ञान में लेकर स्थानांतरण नीति को लागू किया जावे।

### देश के विकास के साथ ही जिले के विकास के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा : राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा

# कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान उसकी आत्मा है: मंत्री शिवराज सिंह चौहान

### केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान ने ग्राम कुलांस कला में ग्राम वासियों के साथ सुनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने जिले के ग्राम कुलांस कला में ग्राम वासियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बातसुनी।

इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिहं चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार आगे बढ़ रहा है तथा पूरे विश्व में देश का सम्मान बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान उसकी आत्मा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मुझे यह दायित्व सौंपा है कि, मैं किसानों के कल्याण के लिए कार्य करूं। जो कि मैं पूरी लगन से करूंगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में किसानों के कल्याण के लिए अनेक कार्य पहले से ही चल रहे हैं, आगे भी किसानों के हित में कई फैसले किए जाएगें। उन्होंने कहा कि कृषि के क्षेत्र में उत्पादन बढ़ाना है और लागत कम करना है, इसके लिए नई किस्म के अधिक उत्पादन करने वाले बीज तैयार किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को फसलों का सही दाम मिले इसके लिए एमएसपी बढ़ाई जा रही है।

केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान ने कहा कि सभी लाड़ली बहनों को लखपति बनाने का दायित्व भी प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मुझे सौंपा है। उन्होंने कहा कि स्वसहायता समूहों के माध्यम से बहनों को अलग-अलग कामों की ट्रेनिंग दी जाएगी जिससे वह स्वयं का कार्य शुरू कर सकेंगी। इसके लिए उन्हें सरकार द्वारा बैंक से धनराशि दी जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पहली केबिनेट की बैठक में यह फैसला लिया है, कि गरीबों के लिए दो करोड़ आवास और बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि स्वयं एवं धरती को बचाने के लिए हमे अधिक से अधिक पेड़ लगाना होगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सभी से एक पेड़ मां के नाम लागाने का आवाह्न किया है। उन्होंने कहा कि अपने देश, राज्य, गांव को नशामुक्त बनाने एवं स्वच्छ बनाने के लिए हम सभी को मिलकर कार्य करना होगा।

इस अवसर पर राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि सरकार आम नागरिकों की हर क्षेत्र में मदद कर रही है। उन्होंने कहा कि देश के विकास के साथ ही जिले के विकास के लिए निरंतर कार्य करेंगे।

#### यह थे उपस्थित

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रचना सुरेंद्र मेवाड़ा, सीहोर जनपद अध्यक्ष नवड़ी बाई, जिला भाजपा अध्यक्ष रवि मालवीय, कलेक्टर प्रवीण सिंह, एसपी मयंक अवस्थी, जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी, एसडीएम तन्मय वर्मा, सीहोर जनपद सीईओ नमिता बघेल सहित अनेक शासकीय सेवको एवं ग्रामवासियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात सुनी।

#### प्रदर्शनी का किया अवलोकन



केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ग्राम कुलांस कला में कृषि विभाग द्वारा लगाई गई कृषि आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा ड्रोन से संचालन के बारे में विस्तार से जानकारी ली और उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान ने ग्राम के मंदिर परिसर में पौधरोपण किया एवं वहां उपस्थित सभी आमजन से अधिक से अधिक पेड लगाने को कहा।

## अमरगढ़ वाटरफॉल में डूबने से युवक की मौत दोस्तों के साथ आया था पिकनिक मनाने

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले के शाहगंज बुधनी क्षेत्र के अमरगढ़ वाटर फॉल में डूबकर एक युवक की मौत हो गई। एसडीआरएफ की टीम ने आज 12 घंटे बाद रेस्क्यू में शव को बाहर निकाला। युवक दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने के लिए आया था। इस दौरान वह वाटर फॉल में डूब गया था। युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए बुदनी अस्पताल भेज दिया गया है। दरअसल मामला 29 जून शनिवार का है। उज्जैन निवासी 21 वर्षीय यक्षेश गहलोत अपने दोस्तों के साथ शाहगंज थाना क्षेत्र के अमरगढ़ वाटरफॉल में पिकनिक के लिए आया था। वाटर फॉल में नहाते समय उसकी डूबने से मौत हो गई। घटना की जानकारी लगने के बाद एसडीआरएफ की टीम युवक को खोजने में लगी हुई थी। आज करीब 12 घंटे बाद युवक को रेस्क्यू कर निकाल लिया गया है।

**पहले भी हो चुकी है मौत :** अमरगढ़ वाटर फॉल पर आए दिन लोगों की डूबकर मौत हो चुकी है। इसलिए फॉरेस्ट डिपार्टमेंट ने इस क्षेत्र में लोगों के आने पर प्रतिबंध लगाकर रखा है। उसके बाद भी लोग दूसरे रास्तों से छिपकर यहां पर पहुंच जाते हैं।

**भोपाल-इंदौर हाईवे पर पलटी कार :** रविवार की दोपहर लगभग 1 बजे भोपाल-इंदौर हाईवे पर आईईएस स्कूल के सामने तेज रफ्तार कार के सामने एक कुत्ता आ गया। चालक ने उसे बचाने के लिए स्टेयरिंग घुमाया जिससे कार बेकाबू होकर डिवाइडर पर चढ़ते हुए पलट गई। हालांकि इस हादसे में कार में सवार लोगों को अधिक चोट नहीं आई है। जानकारी के अनुसार भोपाल से इंदौर की ओर जा रही कार (एमपी 04 जेडएक्स 6435) हादसे का शिकार हुई है। वहां से गुजर रहे अन्य वाहन चालकों व राहगीरों की मदद से कार में सवार लोग बाहर निकले।



## भारतीय न्याय संहिता की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा




01 जुलाई से देश भर में लागू हुई भारतीय न्याय संहिता के सम्बंध में स्थानीय पुलिस थाने पर कार्यक्रम आयोजित कर जानकारी प्रदान की गई। सोमवार को स्थानीय पुलिस थाने पर आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय व्यवहार न्यायालय के न्यायाधीश मोहित माधव, एसडीओपी देवनारायण यादव एवं थाना प्रभारी शशि उपाध्याय द्वारा देश में अभी तक चल रहे मेजर क्रिमिनल लॉ जैसे भारतीय दंड संहिता एवं दंड प्रक्रिया संहिता के स्थान पर 01 जुलाई से न्यू क्रिमिनल लॉ लागू हो गया है के संबंध में उपस्थितजनों को विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। भारतीय दंड संहिता जो वर्ष 1860 में लागू हुआ था इसके स्थान पर भारतीय न्याय संहिता दिनांक 1 जुलाई से लागू हुई है उसमें धारा 106 को छोड़कर सभी धाराएं लागू की जा रही है। कार्यक्रम में गणमान्य नागरिक, अभिभाषकगण, शांति समिति सदस्य व पत्रकार उपस्थित थे।



### जिले में 114.9 एमएम औसत बारिश

नलखेड़ा। आगर-मालवा जिले में इस वर्ष मानसून अवधि में अब तक कुल 114.9 एमएम औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है, गत वर्ष इस समय 75.9 एमएम औसत वर्षा हुई थी। इस वर्ष तहसील बड़ौद में सार्वधिक 171 एमएम तथा सबसे कम नलखेड़ा में 40 एमएम वर्षा हुई है, जबकि आगर में 170.4 एमएम व सुसनेर में 78 एमएम वर्षा हुई हैं। बीते चौबीस घंटे में जिले में 2.4 एमएम औसत वर्षा जिले में दर्ज की गई है। जिसमें आगर में 8.4 एमएम एवं सुसनेर में 1 एमएम वर्षा तथा बड़ौद व नलखेड़ा में शून्य वर्षा दर्ज की गई है।

## तेज रफ्तार बाइक रोड किनारे लगे एंगल से टकराई, बुजुर्ग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




जिले की ग्राम पंचायत बरखेड़ा हसन में शनिवार को एक सड़क हादसा हो गया। यहां एक तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे लगे लोहे के एंगल से टकरा गई, हादसे में एक बुजुर्ग घायल हुआ है। जानकारी के अनुसार, हादसा अहमदपुर-बरखेड़ा हसन रोड पर हुआ। यहां शनिवार दोपहर रामस्वरूप मीणा निवासी रामपुरा अहमदपुर अपनी कृषि के लिए दवाई लेने गया था, वापस अपने घर की ओर लौटकर आ रहा था, तभी बरखेड़ा हसन के पास मोड पर एंगल से टकरा गया। हादसे में राम स्वरूप गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी बाइ सड़क किनारे लगे लोहे के एंगल से इतनी जोर से टकराई कि वह बाइक समेत सड़क पर गिर गया। हादसे में उसके हाथ में फैक्चर सिर में गंभीर चोट आई है।

मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि हादसा इतना भीषण था कि राम स्वरूप की हाथ की हड्डी का 1 इंच का टुकड़ा एंगल से ही चिपका रह गया। वहीं, देखते ही देखते लोगों की काफी भीड़ लग गई थी। वहां पर मौजूद ग्रामीणों के द्वारा 108 को फोन लगाया गया, लेकिन एम्बुलेंस मौके पर नहीं पहुंच आई, इसके करीब 1 घंटे बाद डायल 100 की मदद से घायल हो अस्पताल पहुंचाया गया।

### एक घंटे की बारिश से नदी-नाले उफने

# कभी रुक-रुक कर तो कभी चला तेज बारिश का दौर, गर्मी से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले में रविवार को दोपहर बाद मौसम का मिजाज बदला हुआ नजर आया। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में शाम को झमाझम बारिश का दौर चला, जो देर शाम तक जारी रहा। मौसम विभाग अनुमान है कि आने वाले दिनों में भी इसी तरह बारिश का दौर जारी रहेगा।

रविवार को रुक-रुक कर बारिश होती रही। जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिल गई है। ज्ञात रहे कि सुबह से आसमान पर बादल छाए हुए थे, कभी धूप कभी छांव की स्थिति बनी हुई थी। लेकिन दोपहर बाद काफी देर तक बारिश होती रही। इसके बाद शाम करीब पांच बजे से तेज बारिश का दौर शुरू हो गया।

**पूरे जिले में समय पर सक्रिय हुआ मानसून :** जानकारी के अनुसार इस साल सीहोर जिले में मानसून ने निर्धारित समय पर ही दस्तक दी है। लेकिन अब मानसून की सक्रियता भी नजर आने लगी है। रविवार को जिले के अधिकांश स्थानों पर रुक-रुक कर बारिश होती रही। जिससे मौसम सुहाना हो गया और लोगों को गर्मी से राहत मिल गई। दोपहर बाद आसमान पर काले और घने बादल छा गए। जिससे दिन में भी अंधेरा जैसा होने लगा था, उसके बाद बादल जमकर बरसे और लगातार रुक-रुक कर बारिश का दौर चलता रहा।

#### कहां-कितनी बारिश हुई

जिले में बीते 24 घंटे मे 8.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 11.1 मिलीमीटर, श्यामपुर में 32, आष्टा में 8, जावर में 2.3, इछावर में 0, भैरूंदा में 0, बुधनी में 16, रेहटी में 0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में एक जून से अब तक 138.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 153.7 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख के अनुसार अब तक जिले के वर्षामापी केंद्र सीहोर में 191.0, मिलीमीटर, श्यामपुर में 165, आष्टा में 94, जावर में 124.8, इछावर में 253, भैरूंदा में 96, बुधनी में 79 तथा रेहटी में 102.2 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है।

## शासकीय महाविद्यालय में आयोजित किया गया दीक्षारंभ समारोह



नलखेड़ा। स्थानीय सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का दीक्षारंभ समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय के परिवेश से नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को परिचित करवाना है। सोमवार को समारोह के प्रथम दिवस संस्था के डॉ. सुखदेव बैरागी द्वारा महाविद्यालय की स्थापना, विजन एवं मिशन के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ.जी.एल.रावल द्वारा पाठ्यक्रम की संरचना,भारतीय ज्ञान परंपरा एवं भारतीय दर्शन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. जगदीश प्रसाद कुल्मी द्वारा किया गया एवं आभार जैनुल आब्दीन अजमेरी द्वारा माना गया। कार्यक्रम के पश्चात नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय परिसर एवं भवन का भ्रमण करवाया गया एवं विभिन्न प्रयोगशालाओ, कंप्यूटर कक्ष आदि का अवलोकन करवाया गया।

खबर संक्षेप

## कचरा पड़ाव स्थल को बनाया सेल्फी प्वाइंट




**देवास।** स्वच्छता अभियान अन्तर्गत 1 जुलाई से 31 अगस्त तक स्वच्छता मिशन अभियान के अन्तर्गत आयुक्त रजनीश कसेरा के निर्देशन में सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान का शुभारंभ अस्थाई कचरा पड़ाव स्थान से किया गया। निगम द्वारा स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत चलाये जाने वाले इस अभियान में निगम की स्वच्छता टीम के द्वारा वार्ड क्र 03 शिवशक्ति चौराहे के अस्थाई कचरा पड़ाव स्थान पर सफाई कर उक्त स्थान पर अन उपयोगी वेस्ट मटेरियल सिंगल यूज प्लास्टिक से सौंदर्यीकरण को दृष्टिगत रखते हुए उक्त स्थान पर (वेस्ट यू आर्ट आयटम) से बना ट्री स्थापित कर एवं पौधारोपण भी कर सेल्फी पाईंट स्थापित किया गया। उक्त स्थान पर आने जाने वाले राहगीर कचरा डाला करते थे अब उक्त स्थान पर कचरा दोबारा नहीं डले इस हेतु अस्थाई कचरा पांईट को रूपान्तरित कर सेल्फी पांईट तैयार किया गया। अब उक्त स्थान पर खड़े होकर राहगीर बच्चों के साथ सेल्फी लेते हैं। इस दौरान निरीक्षक ओमप्रकाश पथरोड़ एवं स्वच्छ भारत मिशन की टीम से विशाल जोशी, अरुण तोमर सहित स्थानीय युवा उपस्थित रहे।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान में नागरिक अधिक से अधिक लगाएं पौधे

# मुहिम चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई एक सप्ताह में करें: कलेक्टर

### एएसपी भदौरिया ने एक जुलाई से प्रभावशील हुए तीन नए कानूनों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कलेक्टर ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी लंबित पत्रों के निराकरण की प्रगति तथा अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में संपन्न हुई। कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि जिले में 06 जुलाई को ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान अधिक से अधिक पौधे लगाये जायेंगे। जिले के सभी नागरिकों को इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित करें। जिले के नागरिक अपने परिजन के साथ पौधा रोपण करें। जिले में नागरिक सीड बाल के माध्यम से पौधा रोपण करें और अन्य नागरिकों को भी प्रेरित करें। सभी विभाग अपने कार्यालयों के परिसरों में पौधारोपण करें। गुप्ता ने कहा कि नालों का गंदा पानी क्षिप्रा में नहीं मिले इसलिए स्टॉप डेम बनाये। 104 ग्रामों में मुहिम चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही एक सप्ताह में करें। अतिक्रमण हटाकर नालों के दोनों और 50-50 मीटर तक पौधा रोपण कार्य करें। नगर परिषदों और ग्राम पंचायतों में मियावाकी पद्धिती से पौधा रोपण करें। ग्राम पंचायतों में कम से कम दो जगह मियावाकी पद्धिती से पौधा रोपण एवं नगर परिषदों में कम से कम 20 जगह मियावाकी पद्धिती से पौधा रोपण करें। मियावाकी पद्धिती से पौधा रोपण के संबंध में भास्कर शुक्ला ने बैठक में प्रजेंटेंशन के माध्यम से जानकारी दी। कलेक्टर ने नगरीय क्षेत्रों में निवासरत को नागरिकों को रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिये। शासकीय कार्यालयों में रूफ रेन हॉर्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों एवं पीएचई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे छात्रावासों को नियमित निरीक्षण करें तथा बोरिंग के पानी की जांच कर लें।गुप्ता ने सभी तहसीलदारों को सहकारिता की बैंक की वसूली के निर्देश दिये। नल जल योजना की समीक्षा कर निर्देश दिये कि जिस ग्राम में नल जल योजना पूर्ण हो गई है, वहां योजना को हैंडओवर करने की कार्यवाही करें। बैठक में एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया ने एक जुलाई से प्रभावशील हुए तीन नये कानूनों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान बताया गया कि भारतीय दंड संहिता 1860 को भारतीय न्याय संहिता विधेयक 2023 द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है। दंड प्रक्रिया संहिता 1898 को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक 2023 द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है। इसी तरह भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 को भारतीय साक्ष्य विधेयक 2023 द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है। बैठक के कलेक्टर गुप्ता ने भारतीय स्टेट बैंक के स्थापना दिवस पर कलेक्टर कार्यालय परिसर में पौधारोपण किया है। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापित, एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया, एसबीआई रीजनल मैनेजर संदीप प्रकाश, चीफ मैनेजर अखिलेश विश्वकर्मा, डिप्टी मैनेजर अनुकेश दुबे, राजेन्द्र सक्सेना सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# नए कानून के विभिन्न प्रावधानों को समझाया

### जन संवाद हुआ आयोजित



**देवास।** नए कानून को लेकर एसपी ने किया जनसंवाद।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सोमवार को कोतवाली थाने पर जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। संवाद कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक, एडिशनल एसपी और सीएसपी ने भारतीय न्याय संहिता की विस्तृत जानकारी दी। जन संवाद के दौरान पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने नए कानून के विभिन्न प्रावधानों और उसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कानून समाज की सुरक्षा और सुव्यवस्था को बढ़ाने के लिए लागू किए गए हैं। एडिशनल एसपी जयवीर सिंह भदौरिया ने भी नए कानूनों के महत्ता और उनकी आवश्यकता के बारे में आमजन को विस्तार से समझाया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे, जिन्होंने नए कानून को लेकर अपने सवाल और चिंताएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने बताया कि 1 जुलाई से नए कानून लागू हुए है,जिसमें भारतीय न्याय संहिता, भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता साथ ही भारतीय साक्ष्य अधिनियम तीनों जो मेजर क्रिमिनल एक्ट है उन्हें लागू किया गया है। इस तारतम्य में पुलिस विभाग, अभियोजन और न्याय पालिका के प्रशिक्षण अलग-अलग चल ही रहे हैं। इसमें आम नागरिकों को जोडऩे के लिहाज से जनसंवाद पिछले कुछ दिनों से कराया जा रहा है। नए कानून में जो परिर्वतन हुए है उसके संबंध में कोतवाली थाने पर उपस्थित लोगों को जागरुक किया गया। भारतीय न्याय संहिता जिसमें एफआईआर होती है जिसके तहत सजाएं दी जाती है। उसमें कई नई धाराएं जोड़ी गई है। कुछ पुरानी धाराओं को हटाया गया है। इस संबंध में भी चर्चा हुई है साथ ही भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता जो पहले था कि पुलिस जांच कैसे करेगी। इसमें कुछ नए फिचर्स आए है जिसमें ऑनलाईन एफआईआर को कानून में लाया गया है। जब्ती की कार्यप्रणाली को सरल बनाया गया है जिसमें पुलिस का जांचकर्ती अधिकारी मौके से विडियो बनाता है और सीधे उसे ऑनलाईन अपडलोड करता है।

## घोटाले और पेपर लीक मामले में कांग्रेस का प्रदर्शन




**देवास।** नर्सिंग घोटाला व पेपर लीक मामले को लेकर कांग्रेस ने सोमवार को स्थानीय मडूक पुष्कर पर धरना प्रदर्शन कर तहसीलदार सपना शर्मा को ज्ञापन दिया। इस दौरान कांग्रेसियों ने विश्वास सारंग से अपना इस्तीफा देने की मांग की है।कांग्रेसियों का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी की जो सरकार है उसमें लगातार घोटाले हो रहे है ऐसे में युवाओं को भविष्य अधंकारमय हो गया है। युवाओं को न्याय दिलाने व कथित घोटाले के विरोध में पूरे प्रदेश में आज एक साथ कांग्रेस जन धरना प्रदर्शन कर अपना विरोध जता रहे हैं।मामले में शहर अध्यक्ष मनोज राजानी ने बताया कि मप्र में घोटाले पर घोटाले हुए जा रहे है। भाजपा की जो सरकार है। उसका अंकुश नहीं रह गया है। सीएम अपने मंत्रियों को कुछ कह नहीं पा रहे हैं। विश्वास सारंग के कार्यकाल में जो घोटाला हुआ है।नर्सिंग घोटाला माननीय उच्च न्यायालय के आदेश पर एफआईआर दर्ज की गई और 66 महाविद्यालय की मान्यता निरस्त की गई है। उसको लेकर हम आज विश्वास सारंग से इस्तीफे की मांग कर रहे है। जहां लाखों युवाओं का भविष्य अंधकारमय कर दिया। इस मामले में जो लोग दोषी है उन पर कार्रवाई की जाना चाहिए।

# 69वें स्थापना दिवस पर स्टेट बैंक ने गरीब होनहार विद्यार्थियों को किया लेपटाप का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



स्टेट बैंक के 69वें स्थापना दिवस पर भारतीय स्टेट बैंक भोपाल मंडल द्वारा मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के बी पी एल श्रेणी के अनुसूचित जाति एवं जनजाति के चुनिंदा मेधावी छात्र छात्राओं को लैपटॉप वितरण का लक्ष्य रखा गया। डिजिटल साक्षरता और रोजगार निर्माण के उद्देश्य से क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय देवास ने भी पूर्ण उत्साह के साथ इस कार्यक्रम को आयोजित किया। इस कार्यक्रम में देवास एवं शाजापुर जिले के 5 मेधावी छात्र छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को आमंत्रित किया गया तथा उनके सम्मान के साथ ही अद्यतन तकनीक का लैपटॉप प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय प्रबंधक संदीप प्रकाश ने की।

उन्होंने विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की तथा कहा कि भारतीय स्टेट बैंक सदैव ही अपने सामाजिक दायित्यों के निर्वाह में अग्रणी रहा है। स्टेट बैंक की सदैव यही कोशिश रही है कि समाज का हर विद्यार्थी समाज निर्माण में अपना योगदान देवे।

इस अवसर पर मुख्य प्रबंधक द्वय श्याम बोपई एवं अखिलेश विश्वकर्मा ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। भारतीय स्टेट बैंक के अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण संगठन के क्षेत्रीय सचिव सुनील चक्रवर्ती भी उपस्थित थे। उन्होंने भी सभी विद्यार्थियों को बधाई दी एवं जनकल्याण में स्टेट बैंक की महती भूमिका पर रोशनी डाली। सम्मानित हुए विद्यार्थियों मेंराशि राजोरा, दिव्या मालवीय, प्रिया आत्माराम, कशिश मालवीय एवं विशाल पिता आनंद थे। कार्यक्रम का संचालन श्वेता पाडलिया ने किया एवं आभार प्रदर्शन मानव संसाधन प्रबंधक सुनील मेहता ने माना।

## शादी का झांसा देकर रेप मामले में एफआईआर दर्ज

**देवास।** कोतवाली थाना अंतर्गत युवती को शादी का झांसा देकर रेप का मामला सामने आया है। आरोपी बाद में फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देता रहा। साथ ही पीड़ित से प्लाट के नाम पर 49 लाख रुपए भी अलग-अलग किस्तों में ले लिए। घटना देवास में स्थित एक होटल की है। जहां 4 अक्टूबर 2020 के 3 बजे से 25 मार्च 2024 के 11.30 बजे तक रेप होना बताया गया। लेकिन प्रकरण अब दर्ज हुआ है। जानकारी के अनुसार ईशान पिता शिपवप्रसाद शर्मा उम्र 28 निवासी सुभाष चौक अखाड़ा रोड ने फरियादिया को शादी का झांसा देकर उसकी मर्जी के बिना गलत काम किया। फोटो वीडियो वायरल करने की धमकी भी दी तथा फरियादिया से प्लाट के नाम पर 49 लाख रुपए भी लिए व जान से मारने की धमकी भी दी। जानकारी के अनुसार ईशान पिता शिपवप्रसाद शर्मा निवासी सुभाष चौक अखाड़ा रोड़ ने फरियादिया को शादी का झांसा देकर उसकी मर्जी के बिना गलत काम किया। फोटो वीडियो वायरल करने की धमकी भी दी तथा फरियादिया से प्लाट के नाम पर 49 लाख रुपए भी लिए व जान से मारने की धमकी भी दी। मामले में थाना कोतवाली पुलिस ने आरोपी ईशान पर दुष्कर्म की धारा सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

# विद्युत वितरण कंपनी के स्थापना दिवस पर लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



1 जुलाई को मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण एवं पर्यावरण के प्रति जागृति लाने के उद्देश्य से वृत्त तथा संभागीय कार्यालय देवास के संयुक्त तत्वाधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम अधीक्षण यंत्री डॉ. डी.एन.शर्मा के नेतृत्व में छायादार तथा फलदार वृक्षों का वृक्षारोपण किया गया। ग्रामीण कार्यपालन यंत्री इंजी.अनस सिद्दीकी, इंजी.एन.के शर्मा कार्यपालन यंत्री, इंजी.अरविंद शर्मा कार्यपालन यंत्री, इंजी.ममता धुर्वे सहायक यंत्री, इंजी.अनिल पांडेय सहायक यंत्री, अमित कुमार शर्मा वरिष्ठ लेखा अधिकारी, रूपल काबरा लेखाधिकारी, इंजी.विजय माथनकर कनिष्ठ यंत्री, वंदना सहायक प्रबंधक, संजय सरमंडल, निष्कर्ष निवारिया , राकेश देवडे एवं भगवान स्वरूप श्रीवास्तव द्वारा वृक्षारोपण किया गया। अधीक्षण यंत्री डॉ डी.एन. शर्मा ने कहा वर्तमान परिदृश्य में ग्लोबल वार्मिंग संपूर्ण विश्व में ज्वलंत विषय होकर पृथ्वी पर जलवायु परिवर्तन का कारण बन रहा है, पर्यावरण को बचाना कंपनी प्रबंधन द्वारा अपनी नैतिक जिम्मेदारी मानते हुए अधिक से अधिक पौधारोपण करवाने के उद्देश्य आज सभी कार्यालय में पौधारोपण करवाया गया है। सभी कर्मचारियों अधिकारियों द्वारा पौधों को जीवित रखने की जिम्मेदारी लेकर उनके गार्डनिंग की व्यवस्था भी की गई है। इस अवसर पर वृत्त तथा संभागीय कार्यालय के कर्मचारी अधिकारी उपस्थित थे। उक्त जानकारी संभागीय कार्यालय में पदस्थ राकेश देवडे द्वारा दी गई।

# शासकीय विधि महाविद्यालय में तीन दिवसीय दीक्षारंभ समारोह की हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शासकीय विधि महाविद्यालय देवास में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के आदेशानुसार प्रवेश उत्सव कार्यक्रम अंतर्गत तीन दिवसीय दीक्षारंभ समारोह का शुभारम्भ किया गया। दीक्षारंभ समारोह में नवप्रवेशित एलएलबी एवं एलएलएम के विधार्थियों का स्वागत कुमकुम तिलक लगा कर किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार चौहान ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को विधि व्यवसाय में अनुशासन की महत्ता एवं संस्थान का परिचय करवाया। सहायक प्राध्यापक डॉ. आशीष बृज ने विधि पाठ्यक्रम और महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षको एवं कर्मचारियों का परिचय नवप्रवेशित विद्यार्थियों से करवाया। सहायक प्राध्यापक चॉदमल भालोट ने एलएलबी एवं एलएलएम परीक्षा प्रणाली के बारे में आवश्यक जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर ज्योति जोशी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रोफेसर अर्पित जैन, डॉ. भारती जोशी,संदीप सिंह रावत, दीपंद्रसिंह पंवार, प्रतिक जोशी, मेघा सोलंकी व स्टॉफ सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।

### जिलेभर के जैन ट्रस्ट मंडली का मिलन समारोह हुआ आयोजित

# समाज हित में लिया गया निर्णय, जैन महासंघ होगा गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




समग्र जैन समाज के हित में जैन महासंघ जिला देवास का गठन किया जाएगा । जिलेभर से जैन ट्रस्ट मंडलो के पदाधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित मिलन समारोह में सर्वानुमति से यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। जिलेभर के जैन समाज को एकजुट रखने, आपसी समन्वय हेतु शहर के अमर मोहिनी गार्डन में श्री चंदाप्रभु स्वामी मणिभद्र वीर जैन श्वे. मंदिर ट्रस्ट के नरेंद्र जैन, महावीर जैन एवं विनोद जैन ने मिलन समारोह का आयोजन किया। समारोह की अध्यक्षता कैलाश जैन द्वारा की गई। मिलन समारोह में उपस्थित ट्रस्ट मंडलों के अध्यक्षों को अतिथि बनाया गया।

भगवान महावीर के चित्र के सामने अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित, माल्यार्पण से प्रारंभ मिलन समारोह में स्वागत भाषण महावीर जैन ने दिया। मंच का संचालन राजेश जैन ने किया। समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत विनोद जैन के साथ श्री चंदाप्रभु स्वामी मणिभद्र वीर जैन श्वे. मंदिर ट्रस्ट के अन्य सदस्यों द्वारा तिलक लगाकर माला एवं दुपट्टा पहनाकर किया गया। समारोह में जैन महासंघ जिला देवास का गठन करने के विषय में नरेंद्र जी जैन ने विस्तार पूर्वक बताया कि आज सम्पूर्ण देवास जिले के जैन समाज के ट्रस्ट मंडलों के पदाधिकारियों के इस मिलन समारोह में शामिल जैन समाज के सभी पंथ के ट्रस्ट मंडल जो अपने मंडल के माध्यम से समाज के उत्थान के लिए कार्य करते है।

इन सभी मंडलों को एक साथ लेकर जैन महासंघ जिला देवास के गठन करने का निश्चय किया गया है। जैन महासंघ जिला देवास का कार्य जैन समाज के धरोहरो के लिए या सामाजिक रूप से आने वाले संकट का समाधान करने के साथ ही समाज के हितों में कार्य करना होगा। महासंघ के माध्यम से यह संदेश जाएगा कि जिले का सकल जैन समाज एक साथ संगठित है। नगर निगम सभापति रवि जैन ने भी जैन महासंघ के गठन पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज जैन समाज किसी परिचय का मोहताज नही है। पूरे विश्व में शांति, अहिंसा, क्षमा के महत्व को आत्मसात करते हुए जैन संस्कृति को अपनाया जा रहा है। मिलन समारोह में पूरे जिले के जैन ट्रस्ट मंडलों की उपस्तिथि में सर्वसम्मति से जैन महासंघ बनाने की घोषणा की गई । समारोह में आदेश्वर जैन श्वे. मंदिर देवास, श्री शंखेश्वर पाश्र्वनाथ जैन मंदिर देवास, श्री चंदप्रभुस्वामी मणिभद्र वीर जैन श्वेतांबर मंदिर देवास, चन्दाप्रभु स्वामी जैन मंदिर देवास, श्री मुनिसुव्रत स्वामी जैन श्वे. मंदिर देवास, वर्धमान स्थानक संघ देवास, दिगम्बर जैन मंदिर कवि कालिदास मार्ग देवास, दिगम्बर जैन मंदिर विजय नगर देवास, उपनगरी स्थानक संघ देवास, शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर आवास नगर देवास, श्री स्वर्ण विहार धाम ट्रस्ट सिंगावदा, सिया, करनावद, डबलचौकी , चापड़ा एवं अन्य स्थानों के जैन मंदिरों के ट्रस्ट मंडलों के प्रतिनिधि उपस्थित हुए। अंत में सभी का आभार निलेश जैन ने माना।

# रोटरी क्लब ने किया डॉक्टरों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

1 जुलाई से रोटरी क्लब के नवीन सत्र का आरंभ हुआ। क्लब के अध्यक्ष जी एस चंदेल ने बताया कि सत्र के आरंभ में प्रतिवर्षानुसार डॉक्टर्स डे के अवसर पर सर्वप्रथम रोटरी क्लब के डॉ सुरेश शर्मा, डॉ सचिन नागर, डॉ जितेंद्र कुशवाह का सम्मान किया गया एवं महात्मा गांधी हॉस्पिटल में जाकर उपस्थित सभी डॉक्टर्स को उनके किए गए कार्य पर सम्मानित किया गया। साथ ही ब्लड कैंप लगाकर 23 यूनिट ब्लड डोनेट भी किया गया। इस अवसर पर सचिव सचिन नागर, असिस्टेंट गवर्नर सुधीर पंडित, इंट्रैक्ट क्लब डिसट्रिकचेयर हेमंत वर्मा के साथ-साथ वरिष्ठ सदस्य पीएम तिवारी, भरत खैर, आशीष गुप्ता, स्वप्निल वर्मा एवं भरत विजयवर्गीय भी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

## व्यापारी संघ ने विधायक का किया स्वागत



आष्टा। धियायक गोपालसिंह इंजीनियर ने नवनियुक्ति होटल व्यापारी संघ के अध्यक्ष आदेश शर्मा का विधायक कार्यालय पर स्वागत किया। नवीन कार्यकारिणी में महामंत्री मन ठाकुर एवं कोषाध्यक्ष दिलीप यादव का स्वागत कर बधाईयां दी। होटल व्यापारी संघ द्वारा विधायक का भी साल श्रीफल एवं मीठा मुंह कराकर सम्मान कर प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर होटल व्यापारी संघ के जय दुर्गा रेस्टारेंट के नानू राठौर हरिओम रेस्टॉरेंट के सुनील जी मेवाड़ा महावीर रेस्टॉरेंट के पवन जी जैन मोहनी रेस्टॉरेंट के सन्जू जी जैन नाकोड़ा कॉफी हाउस के पंकज जी नाकोड़ा राठौर नमकीन भण्डार के राजु जी राठौर यादव रेस्टॉरेंट के धर्मेन्द्र यादव अवनी नमकीन के दिलीप यादव कुरावर केफे से अभिषेक कुशवाह सी.के.जी. से अतुल पचलासिया बाबा नमकीन से महेश राठी तिवारी रेस्टॉरेंट से गोलू जी तिवारी महावीर मावा भण्डार से विक्रम मेवाड़ा न्यू महावीर रेस्टॉरेंट से बलराम मेवाड़ा आदि मौजूद थे व अंत में आभार होटल व्यापारी संघ के महामंत्री मन जी ठाकुर ने व्यक्त किया।

## निर्माण के लिए खुदे गड्ढे हादसों को दे रहे आमंत्रण

आष्टा। प्रधानमंत्री आवास कॉलोनी के रहवासियों की परेशानी हल होने का नाम ही नहीं ले रही है। यहां पर नगर पालिका पार्क का निर्माण कर रही है। उसके लिए ठेकेदार ने जो गड्ढे खोदे हैं, वे दो दिनों से हो रही बारिश से पानी से भर गए हैं। इसके चलते वहां पर बच्चों के डूबने का खतरा होने के आसार बने हुए हैं। लोगों ने वहां पर सुरक्षा व्यवस्था करने की मांग की है। इसके अलावा रहवासियों को यहां पर कीचड़ की समस्या से भी परेशान होना पड़ रहा है। बता दें कि ऐसा कोई मौसम नहीं है, जिसमें रहवासी परेशान न हो रहे हो। गर्मी में जहां पानी के लिए हाहाकार मचा रहा। नगर पालिका का तीन चार दिन में एक टैंकर आता था। बारिश में यहां पर लोगों को कीचड़ की समस्या से परेशान होना पड़ रहा है।

### स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह का किया आयोजन

# अतिथियों ने कक्षा नर्सरी से कक्षा 12 के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का किया सम्मान



दीप प्रत्वलित कर अतिथियों ने आयोजित हुए कार्यक्रम की शुरूआत की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

एसबीएस कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में रविवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तरुण कुमार बैरागी बीआरसीसी और कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद रवि शर्मा, विशेष अतिथि मनोज विश्वकर्मा बीएसी, पत्रकार कमल पांचाल, धनंजयजी जाट के साथ संस्था संचालक भोलू सिंह ठाकुर, सहसंचालक जीवन सिंह ठाकुर, प्राचार्य रीना ठाकुर द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुभ शुरुआत कर संस्था में कक्षा 12वी के लैपटॉप प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र छात्राएं और कक्षा नर्सरी से 11वीं प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को तथा पूरे सत्र में होने वाली विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीयं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र /छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही साथ संस्था द्वारा बेस्ट डिसिप्लिन स्टूडेंट काअवार्ड भी दिया गया। साथ ही संस्था संचालक भोलू सिंह ठाकुर सहसंचालक जीवन सिंह ठाकुर प्राचार्य रीना ठाकुर द्वारा संस्था में पधारे सभी अतिथियों का प्रतीक चिन्ह भेंट कर प्रतिभावान विद्यार्थियों के माता-पिता का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत वंदन अभिनंदन किया गया। संस्था संचालक द्वारा अपने 26 वर्ष की सफलतम संचालित गतिविधियों का साझा किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षिका अर्चना ठाकुर विद्यार्थी दीपा मेवाड़ा द्वारा किया गया तथा आभार व्यक्त सहसंचालक जीवन सिंह जी ठाकुर द्वारा किया गया।

## मां जैसा संतान को बनाना चाहे वैसा बना सकती हैः साध्वी



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मां जैसा संतान को बनाना चाहे वैसा बना सकती है,दुनिया में सभी प्रकार के डे मनाए जाते हैं। लेकिन दीक्षा -डे का लाभ कुछ ही क्षेत्र को मिलता है । आष्टा बहुत ही सौभाग्यशाली नगर है जहां अनेक आचार्य भगवंतो सहित साधु -संतों व महासतियों के चरण पढ़े। आज हमारी गुरु मैय्या मालव रत्न एवं अनेक उपाधियों से विभूषित उपप्रवर्तनी मेवाड़ गौरव कीर्ति सुधा जी का 53 वां दीक्षा दिवस मनाया जा रहा है ,वह भी त्याग -तपस्या एवं गुणानुवाद सभा के माध्यम से।ऐसी बेटी जिसने जिन शासन का गौरव बढ़ाया वह सभी माताओं को मिले।52 साल दीक्षा के पूर्ण होने पर भी सेवा का विशिष्ट गुण आप में है।आप योगी, ज्ञानी और ध्यानी है।आप आंतरिक तप निरंतर करती रहती है। आहार के प्रति अशक्ति नहीं।आप अपने निर्मल भविष्य के पथ पर बढ़ रही है। साध्वी आराधना श्रीजी ने अपनी गुरणी मैय्या मालव कीर्तिसुधा जी के 53 वें दीक्षा दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कही।साध्वी आराधना श्रीजी ने आशीष वचन देते हुए कहा कि आष्टा नगरी पर पूज्य गुरुदेवों ने पावन बनाया।गुरणी मैय्या का सानिध्य मिला। चिल्ड्रन डे, फादर्स डे, मित्रता डे सहित अनेक दिवस मनाया लेकिन आज दीक्षा दिवस मनाने का अवसर आष्टा को मिला। आपने कहा कि आज चौथी कन्या गर्भ में आ जाएं और सोनोग्राफी से पता चल जाएं तो उसे गर्भ में ही मार देते है। लेकिन ऐसी चौथी कन्या कनासिया में जन्मी जिन्होंने जैन शासन का गौरव बढ़ाया और आज पूरे देश में मालव कीर्तिसुधा जी के नाम से जानी -पहचानी जाती है। आचार्य अमोलक ऋषि का जन्म आष्टा में हुआ था और दीक्षा सिद्धिकगंज में हुई थी। मां जैसा चाहती है वैसी संतान को बनाती है।सास- ससुर, माता पिता बनने की इच्छा लेकिन महाराज की मां बनने की इच्छा के भाव बहुत कम के मन मे आते थे। शिष्य को गुरु की चाह और गुरु को भी अच्छे शिष्य की चाहत रहती है।गुरणी मैय्या को स्वप्न आया ब्रह्म मुहूर्त में साधु के दर्शन हुए और सुबह उन्हें वहीं स्वप्न वाली महासती मिली।

## एमपी नौसेना इकाई एनसीसी का चल रहा दस दिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीएटीसी 101 एमपी नौसेना इकाई एनसीसी भोपाल का 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर भारतीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधनकेन्द्र भोपाल में आयोजित किया जा रहा है। इसमें एमपी नेवल एनसीसी कैंप कमांडर श्रीकांत गर्ग कमांडिंग आफिसर के निर्देशन में एनसीसी कैडेट्स को बोट पुलिग की तैयारी कराई जा रही है। बोट पुलिग के लिए जो कैडेट का चयन होगा वे आगे होने वाले एनएससी कैंप में भाग लेंगे। और साथ में ड्रील परेड प्रतियोगित राजेश्वर तिवारी, अमित गांधी, अरविंद राठौर के मार्ग दर्शन में फुटबॉल, बास्केट बॉल, वालीबाल, हैंडबाल सभी प्रतियोगित सीनियर कैडेट और जूनियर कैसेट बालक बालिक की अलग अलग कराई गई। प्रशिक्षण शिविर अमित दिवेदी, अशोक मालवीय, राजीव तिवारी रेणुका पवार, रश्मि टोपो, अमित, गिरिराज, के मार्ग दर्शन में चल रहा है।

## थाना जावर में पदस्थ उप निरीक्षक गिरजा मेवाड़ा के सेवानिवृत होने पर कार्यक्रम आयोजित कर दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



पुलिस थाने से गिरजा मेवाड़ा उप निरीक्षक को सेवानिवृत होने पर पुलिस स्टाफ एवं नगर के नागरिकों ने विदाई समारोह में स्वागत किया और बधाई दी। जावर पुलिस थाने से कुमारी गिरजा मेवाड़ा उप निरीक्षक सेवानिवृत होने पर स्टाफ और नगर के वरिष्ठ नागरिकों ने स्वागत कर उनको बधाई दी। उनके आगे भविष्य की शुभकामनाएं दी हमेशा दीर्घायु रहे वह समाज प्रति हर कार्य करने में सफलता मिले स्वागत करता में थाना प्रभारी रामनारायण मालवीय, दिनेश भाहेती, मनोज जाट, लाखन सिंह, आत्माराम, अर्जुन सिंह ,महेंद्र सिंह, बीएल वर्मा, बलराम, आकाश, पवन पटवा, राजू मखोड़ पुलिस स्टाफ ने हार फूलों से स्वागत कर प्रतीक चिन्ह भेंट किया। साथि ही उज्वल भविष्य की कामना की।

## दिगंबर जैन मंदिर पर आयोजनः भगवान विमलनाथ के मोक्ष कल्याणक दिवस पर चढ़ाया निर्वाण लाडू

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



जैन धर्म के 13वें तीर्थंकर भगवान विमलनाथ का मोक्ष कल्याणक निर्वाण दिवस सभी जिनालायों पर बड़े ही हर्ष और उल्लास पूर्ण माहौल में मनाया गया। निर्वाण कांड पाठ बोलकर मोक्ष फल अर्पित किया गया। इसके पूर्व समाज के श्रावकों ने भगवान के अभिषेक , शांति धारा कर पुण्यार्जन किया। श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर गंज सहित सभी जिनालय में भगवान विमलनाथ जी का मोक्ष कल्याणक महोत्सव पर अभिषेक, शांति धारा कर निर्वाण लाडू चढ़ाया गया।

### मुनि विनत सागर व विश्वमित सागर को श्रीफल भेंट किए

आचार्य 108 विनम्र सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य युगल मुनिराज मुनि विनत सागर महाराज व मुनिश्री 108 विश्वमित सागर महाराज को चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर अरिहंतपुरम अलीपुर में वर्ष 2024 का चातुर्मास का लाभ देने हेतु विनती करते हुए श्रीफल भेंट किया। समाज के प्रमुखों सहित अलीपुर मंदिर व्यवस्था समिति व समाज ने मुनि श्रीजी को अरिहंतपुरम में चातुर्मास के लिए श्रीफल भेंट कर निवेदन किया गया की 2024 का चातुर्मास अरिहंत पुरम में हो। इस अवसर पर चंद्रप्रभ मंदिर समिति व मुनि सेवा समिति अरिहंत पुरम सहित काफी संख्या में समाज जन उपस्थित थे।

## थाना प्रभारी ने लोगों को नशे से दूर रहने और नशे के कुप्रभावों के बारे में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज




पुलिस मुख्यालय और वरिष्ठ अधिकारी, पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गितेश गर्ग, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आकाश अमलकर अनुभाग आष्टा के निर्देशन में थाना प्रभारी निरी. गोपिन्द्र सिंह राजपूत व थाना स्टाफ द्वारा ग्राम सिद्दीकगंज में निवासीगणों को एकत्रित कर नशामुक्ति जनजागृति अभियान अन्तर्गत कार्यक्रम किया गया। जिसमें वहां स्थित लोगों को थाना प्रभारी ने नशे से दूर रहने व नशे के कुप्रभावों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि नशा एक अभिशाप है।

यह एक ऐसी बुराई है, जिससे इंसान का जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। इन जहरीले और नशीले पदार्थों के सेवन से व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक हानि पहुंचने के साथ ही सामाजिक वातावरण भी प्रदूषित हो रहा है। इसके अलावा स्वयं और परिवार की सामाजिक स्थिति को भी भारी नुकसान पहुंचता है। वह नशे से अपराध की ओर अग्रसर हो जाता है और शांतिपूर्ण समाज के लिए अभिशाप बन जाता है। आज स्कूल, कॉलेज व गांवों में छोटे-छोटे कस्बों के बच्चों से लेकर बड़े-बुजुर्ग और विशेषकर युवा वर्ग बुरी तरह प्रभावित हो रहे है। इस अभिशाप से समय रहते मुक्ति पा लेने में ही मानव समाज की भलाई है। उन्होंने कहा कि आज कल अक्सर ये देखा जा रहा है कि युवा वर्ग इसकी चपेट में दिनों-दिन आ रहा है वह तरह-तरह के नशे जैसे- तम्बाकू, गुटखा, बीडी, सिगरेट और शराब के चंगुल में फंसता जा रहा है व इससे जुड़े काले धंधों में लिप्त होकर जीवन बर्बाद कर रहा है। हमें इससे बचना चाहिए। इस दौरान सभी को नशा ना करने की शपथ दिलवाई गई।

### ग्राम भारती शिक्षा समिति की साधारण सभा बैठक में अहम मुद्दों पर हुई चर्चा

# चर्चा कर साधारण सभा में वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन किया प्रस्तुत






हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

सिलवानी, रायसेन, विद्या भारती मध्य भारत प्रांत द्वारा मार्गदर्शित ग्राम भारती मध्य भारत भोपाल से संबद्ध भोजपुर ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला रायसेन की साधारण सभा की बैठक जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत की अध्यक्षता में सरस्वती शिशु मन्दिर बम्हौरी कस्बा तहसील सिलवानी में आयोजित हुई।

बैठक में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती, ऊं, भारत मां का पूजन कर सरस्वती वन्दना के साथ बैठक की शुरुआत की गई। जिला सचिव दौलत सिंह ठाकुर ने गत बैठक कार्यवाही का वाचन किया। वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष महेश मिश्रा द्वारा वार्षिक आय व्यय का वाचन किया एवं अनुमोदन सर्व सम्मति से चर्चा कर स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में सत्र 2024-25 के अनुमानित बजट पर चर्चा हुई और सर्व सम्मति से पारित किया गया अंकेक्षक की नियुक्ति एवं शासकीय कार्य व्यवहार के लिए जिला सचिव को अधिकृत किया गया। बैठक में शैक्षिक सामाजिक एवं ग्राम विकास आदि अहम मुद्दों पर अनोपचारिक चर्चा हुई अतिथि परिचय जिला प्रमुख राजेन्द्र सिंह ठाकुर के कराया अतिथि स्वागत विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रेमनारायण लोधी ने किया सरस्वती वन्दना रचना लोधी दीदी ने प्रस्तुत की। इस बैठक में मुरलीधर धर्मवाणी प्रांतीय उपाध्यक्ष, मस्तान सिंह मारण सदस्य, प्रमोद रघुवंशी सदस्य, लक्ष्मी नारायण आचार्य, हरिशंकर राय सदस्य आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी अमित रघुवंशी ने दी।

## प्रतिनिधि ने श्मशान घाट का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

जावर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य द्वारा नगर के पुराने श्मशान घाट का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान मनोज वैद्य को शमशान घाट का टीन शेड ठीक नहीं लगा तो तुरंत दूरभाष पर मुख नगर पालिका अधिकारी हरीश सोनी से चर्चा कर शमशान की टीन सेट की चद्दर तुरंत बदली और समस्या का निराकरण किया।

इस अवसर पर मनोज वैध ने कहा कि नगर में किसी भी प्रकार की कोई समस्या आने नहीं दी जाएगी वहीं नागरिकों से अपील की आपकी जो भी समस्या है मुझे बताएं उसका तुरंत हल किया जाएगा। नगारिकों को परेशानी नहीं होगी। इस अवसर पर जावर नगर वासी उपस्थित थे।

### कोरोना काल में दान में मिली सामग्रियां हो चुकी हैं इधर-उधर

# निजी कंपनी से दान में मिले बीस ऑक्सीजन कंसंटेटर हो गए गायब

### नगरवासियों ने कूलर पंखे ऑक्सीमीटर जैसे सामानों के जांच की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



कोराना काल जैसी विषम परिस्थिति में हर घंटे में जिला अस्पताल से एक शव निकल रहा था। ऑक्सीजन के एक सिलेन्डर को पाने के लिए कोरोना पेशेंट के परिजन यहां-वहां भटक रहे थे। ऐसी बुरे हालातों में विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों, कंपनियों द्वारा आगे आते हुए आमजनों हेतु स्वास्थ्य से जुडे अनेक उपकरण, सामान इत्यादि दिल खोलकर दान में दिए थे। लेकिन, दान में मिले उपकरणों, सामानों का ध्यान नहीं रखा गया और अनेक सामान जिला अस्पताल से गायब हो चुके हैं।

30 अप्रैल 2021 को में जानी मानी कंस्ट्रक्शन कंपनी दिलीप बिल्डकॉन के सीईओ देवेंद्र जैन द्वारा भी अपने स्वामित्व के स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के जरिए जिला अस्पताल को 20 ऑक्सीजन कन्सन्टेर दान में दिलवाए गए थे। तत्कालीन कलेक्टर नीरज कुमार ने जिला अस्पताल प्रबंधन को सभी उपकरण सौंप दिए थे। वर्तमान स्थिति यह है कि उक्त 20 ऑक्सीजन कन्सटेटर में से अधिकांश गायब हो चुके हैं। अस्पताल प्रबंधन के पास इसका कोई जवाब नहीं है कि उक्त उपकरण कहां चले गए।

#### जांच की उठी मांग

दिलीप बिल्डकॉन के अलावा अनेक सामाजिक, शैक्षणिक, स्वयंसेवी संस्थाओं ने कोरोना काल में अनेकों कूलर, पंखे, ऑक्सीमीटर, नुबुलाईजर सहित अनेकों सामान दान में मिले थे। वर्तमान में यह सब सामान अस्पताल में ढूंढने से भी नहीं मिल रहा है। नगरवासियों द्वारा मांग की जा रही है कि उक्त सभी सामानों की जांच करवाई जाए कि आखिर वे कहां हैं। नगर के लोगों का यह भी आरोप है कि अस्पताल के ही कर्मचारियों ने इन्हें अपने एवं परिजनों के घरों में रखा हुआ है।

#### इनका कहना है...

हमारे षिक्षण संस्थान के डायरेक्टर देवेंद्र जैन के सहयोग से 20 ऑक्सीजन कन्सटेटर अस्पताल को दान में दिया था। जांच करवाई जानी चाहिए कि वे सभी कहां हैं।

**ए. साहा, प्राचार्य**
स्वामी विवेकानंद स्कूल, राजगढ़

# सड़क दुघर्टनाएं रोकने यातायात पुलिस का अभियान, कइयों पर की कार्रवाई

**राजगढ़।** यातायात पुलिस द्वारा सडक दुघर्टनाएं रोकने के लिए वाहन चालकों को समझाईश दी जा रही हैं, वहीं कईयों पर कार्रवाई करने की कार्रवाई भी की जा रही हैं, जिससे आम लोग सुरक्षित रहे सकें। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में पिकअप, टैक्टर एवं लोडिंग वाहनों से सवारी ढोने वाले चालकों को समझाईश दी जा रही है एवं उल्लंघनकर्ताओं को न्यायालय में भी पेश किया जा रहा है।

#### 08 पिकअप वाहनों पर कार्रवाई, किया न्यायालय में पेश

जिले में विगत दिनों में गंभीर दुर्घटनाएं घटित हुई है, जिसमें आर्थिक हानि के साथ लोगों को जीवन गवाना पड़ा है। वर्तमान में बारिश के मौसम की शुरुआत हो चुकी है। इस दौरान दुर्घटना होने की संभावनाएं बढ़ जाती है। जिले में पिकअप एंव लोडिंग वाहनों का उपयोग सवारी परिवहन के रूप में किया जाता है और कई बार दुर्भाग्यवश दुर्घटनाएं घटित हो जाती हैं और इस दौरान कई लोगों की जान चली जाती है। यातायात पुलिस राजगढ़ पिकअप एवं लोडिंग वाहनों पर लगातार कार्यवाही कर रही है।

### वाहन चालकों को दी जा रही समझाइश



अभियान के दौरान विगत 7 दिवस में कुल 8 पिकअप वाहनों पर न्यायालय कार्रवाई की गई, जिसमें 04 वाहनों पर न्यायालय से 10-10 हजार रुपए का जुर्माना हुआ एवं अन्य चार वाहनों को भी न्यायालय में पेश किया जाएगा।


#### दुर्घटनाओं से बचने की अपील

पुलिस ने आम नागरिकों एवं ग्रामीणों से बारिश के इस मौसम में दुघर्टनाओं से बचने के लिए अपील करते हुए कहा कि बारिश के मौसम की शुरुआत हो चुकी है। इस दौरान पुल पर पानी आने की स्थिति में पार करने से बचें एवं दूसरों को भी पार करने से रोकें एवं पिकअप व लोडिंग वाहनों में सवारियों का परिवहन करने से भी बचें।

### नए कानून लागू होने के संबंध में थाने पर बैठक आज

नरसिंहगढ़। एक जुलाई से कुछ नए कानून लागू हो रहे है। जिसके संबंध में सोमवार को थाना परिसर में सुबह 11बजे बैठक आयोजित होगी। इस संबंध में थाना प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि इन कानून के संबंध में जानकारी देने के उद्देष्य से बैठक आयोजित की जा रही है।

## टी 20 वर्ल्ड कप मे टीम इंडिया की जीत पर युवाओं ने दिखाया जोश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

स्थानीय मंडी क्रिकेट एसोसिएशन के खिलाड़ियों ने टी 20 वर्ल्ड कप फाइनल को लेकर टीम इंडिया के समर्थन में नारे लगाए। ये वहा खिलाड़ी हैं जो कि अपनी फिटनेस का ध्यान रखते हुए जोश जुनून के साथ दो महीने से लगातार क्रिकेट खेलने जाते रहे है। उन्होने शनिवार को बारबाडोस में भारतीय टीम और साउथ अफ्रीका के बीच में फाइनल मैच को लेकर अपने देश और अपनी भारतीय टीम को समर्थन दिया। इन लोगों का यह यह उत्साह देखकर बहुत अच्छा लगा। 17 साल के बाद टी 20 वर्ल्ड कप चैंपियन का खिताब पाकर भारत का नाम रोशन करने पर क्रिकेट प्रेमियो ने भारत माता की जय के नारे लगाते हुए आतिश बाजी की तथा शनिवार रात्रि को ही एक विजय जुलुस निकाला।

## भारत की ऐतिहासिक जीत पर युवाओं ने मनाया जश्न

### जोशीले क्रिकेट प्रेमियों ने निकाली बाइक रैली



**राजगढ़।** भारत ने इतिहास लगते हुए दूसरी बार टी-20 वल्डकप का फाईनल आखिरकर जीत ही लिया। शनिवार रात्रि हुई इस ऐतिहासिक जीत से उत्साहित युवाओं एवं क्रिकेट प्रेमियों ने रात्रि में ही आतिशबाजी कर बाइक रैली निकालते हुए अपनी खुशियों का इजहार किया। युवाओं ने भारतीय क्रिकेट टीम को सलाम करते हुए भारत जिंदाबाद के नारे लगाए। बाइक रैली के दौरान नगर में भ्रमण करते हुए क्रिकेट प्रेमियों ने तिरंगे को लहराते हुए जीत का जश्न मनाया वहीं एक-दूसरे को मिठाइयां भी खिलाईं। न केवल राजगढ़ बल्कि ब्यावरा, नरसिंहगढ़ सहित अन्य शहरों में भी उत्साहित युवाओं ने खूब पटाखे फोड़े एवं बाइक रैली निकालते हुए भारतीय टीम की होंसला आफजाई की।

### टी-20 विश्वकप जीतने का जश्न मनाया माचलपुर के युवाओं ने

**माचलपुर।** टी-20 विश्वकप के फाइनल के आखिरी बाल के साथ जैसे ही भारत की जीत हुई पूरे देश के साथ माचलपुर नगर के युवा भी खुशी से झूम उठे। कुछ ही देर में नगर की सड़कों पर उतर चुका था। रात 12 बजे नए शहर की सड़कों से लेकर गलियों तक जगह-जगह लोग जश्न मनाने निकल पड़े। उत्साह से भरे इन युवाओ द्वारा बड़ा बाजार में एलईडी के माध्यम से मैच देखने का इंतजाम किया हुआ था मैच के बीच में उत्साह के साथ ही चिंता की लकीरें भी आ जा रही थी विजय श्री के साथ ही नगर का नजारा देखते ही बनता था युवाओं की टोली तिरंगा हाथ में लिए भारत माता की जय के साथ ढोल की धुन पर नाच रहे थे नगर के लोग देर रात तक अपने घरों से बाहर निकलकर पटाखे फोड़ते और आतिशबाजियां करते दिखाई दिए।

### जनपद अध्यक्ष नागर ने कहा...

## प्रकृति का संतुलन बनाने के लिए शिवाजी पार्क बना प्रेरणा



**सारंगपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा गुलावता मंडल के द्वारा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के अवसर पर एवं प्रधानमंत्री के आव्हान पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत सांसद रोडमल नागर की विशेष उपस्थिति में गुलावता मंडल के ग्राम ढाकनी के शिवाजी पार्क मे वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष देवनारायण नागर ने कहा सारंगपुर जनपद के छोटे गांव ढाकनी में शिवाजी पार्क के माध्यम से वीर शिवाजी संगठन ने पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण पहल की है,संगठन की 5 वर्षो की मेहनत आज रंग लाई है,जहां आज की युवा पीढ़ी मोबाइल में व्यस्थ है वही वीर शिवाजी संगठन के बेटा बेटियो ने सतत प्राणवायु अभियान के तहत प्रत्येक रविवार को 2 घंटे शिवाजी पार्क में सेवा कार्य किया और 100 पौधों को छायादार पेड़ बना कर पर्यावरण संरक्षण में विशेष योगदान दिया है। मैं आग्रह करता हू युवाओं से कि वीर शिवाजी संगठन के सदस्यों से प्रेरणा लेकर धरती मां को हरियाली युक्त करने में अपनी भूमिका निभाए।

### गायत्री मंदिर में जिला गोष्ठी का आयोजन

**नरसिंहगढ़।** नगर के गायत्री शक्तिपीठ पर रविवार को गायत्री परिजनों की जिला गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जिलेभर से गायत्री परिजन सम्मिलित हुए। इस मौके पर विषेष रूप से विधायक प्रतिनिधि सुदीप शर्मा मौजूद रहे। जिन्होने दीप प्रज्जवल के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होने सकल विश्व मंगल कामना के लिए गायत्री परिवार मिशन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस मौके पर मंदिर ट्रस्टी भूपेन्द्र मिश्रा ने गोष्ठी के उद्देश्य से सभी को अवगत कराया। इस मौके पर अन्य रचनात्मक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस दौरान सूरज उपाध्याय, अमित बंधू समेत गायत्री परिजन मौजूद थे।

## 'एक पेड़ मां के नाम' थीम पर मंदिर में रोपे बिल्वपत्र के पौधे



**राजगढ़।** प्रकृति और पर्यावरण को सहेजने की दिषा में अब सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ ही राजनैतिक दल भी सामने आ रहे हैं। इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भी राष्ट्रीय आव्हान पर पौधरोपण आरंभ किया है। विभिन्न वार्डों एवं बूथों पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं द्वारा पौधे रोपे जा रहे हैं और उन्हें सहेजने का संकल्प लिया जा रहा है। इसी क्रम में बूथ क्रमांक 103 पर रुद्र अवतार हनुमान मंदिर परिवार में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा बिल्वपत्र के पौधे रोपे गए। इसके साथ ही नगरवासियों से आग्रह किया गया कि सभी व्यक्ति एक-एक पौधा अवश्य रोपते हुए पेड़ बनने तक उसकी देखभाल करे। पौधरोपण अवसर पर पार्टी लोकसभा संयोजक दीपेंद्र सिंह चौहान, पूर्व मंडल अध्यक्ष साकेत शर्मा ने कहा कि इस समय पूरे विष्व की सबसे बड़ी आवश्यकता आधिकाधिक पौधरोपण की है। हमें भी इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। इस अवसर पर जगदीश दास, शिवनारायण मौर्य, मोहम्मद शफीक गामा, महेंद्र पुष्पद, कपिल जरिया, इंदिर सिंह गौड़ आदि उपस्थित थे।

## अभियान चलाकर रोपे पौधे संरक्षण का दोहराया संकल्प



**नरसिंहगढ़।** भाजपा संगठन के आह्वान पर स्वच्छता पर्यावरण सुरक्षा पखवाड़े के अंतर्गत रविवार को युमो के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओ ने गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पहाड़ी पर पौधरोपण अभियान चलाकर दर्जनो पौधे रौपे। कार्यक्रम में बतौर अतिथि विधायक मोहन शर्मा मौजूद रहे। जिन्होने मंदिर में पूजा अर्चना उपरांत पौधरोपण अभियान के तहत कार्यकर्ताओ के साथ मिलकर पौधे लगाए। इस दौरान उन्होने पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्यकर्ताओ से अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनको वृक्ष बनाने तक की जिम्मेदारी लेने का आह्वान किया। इस दौरान पहाड़ी पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओ ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को भी लाइव देखा और सुना। कार्यक्रर्ताओ ने मोदी के अभियान एक पौधा मॉ के नाम का अनुसरण करते हुए अन्य जगहो पर भी पौधा लगाए जाने का संकल्प लिया। इस मौके पर गोपाल खत्री, भरत झंवर, षिव वैध, सत्येन्द्र सिंह राठौड़, रमेश मालवीय, नितेष अग्रवाल सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### यातायात में बाधा बनते थे सामान

## राजगढ़ रोड, चौराहा व आरा मशीनों के अतिक्रमण हटवाए



**ब्यावरा।** प्रशासन, पुलिस और नगर पालिका टीम की संयुक्त अस्थायी अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई की जद में शनिवार को नगर का राजगढ़ रोड एरिया रहा। नगर की सीमा से लेकर चौराहे तक सीधी कार्रवाई की और समझाइश भी दी गई। साथ ही आरा मशीनों के पीठों पर कार्रवाई भी की गई। दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों के आगे किए गए अस्थाइ अतिक्रमण हटावाए गए। टीनशेड हटवाए गए, वहीं चौरहा पर ब्रिज के नीचे संचालित होने वाली दुकानों को भी हटा दिया गया। प्रशासन, पुलिस और नगर पालिका टीम की इस कार्रवाई के दौरान यातायात में बाधा बनते सामानों को नगर पालिका के वाहन में उठा लिए गए तो कई जगहों पर दुकानदारों ने भी टीम की कार्रवाई को देखकर अपने अपने अस्थायी अतिक्रमणों को हटा लिया गया।

### साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ

**नरसिंहगढ़।** नगर के प्रमुख श्री जगदीश मंदिर पर भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव के धार्मिक आयोजनो की रविवार से शुरुआत हुई। रथयात्रा महोत्सव के पूर्व मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा आयोजन के प्रारंभ में रविवार को नगर में भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा बाराद्वारी स्थित राधाकृष्ण मंदिर से प्रारंभ हुई जो पाल, थावरिया से होते हुए मंदिर पहुंची। कलश यात्रा में शामिल सिर पर कलश रख मंगल गीत गाते हुए चल रही थी। कलश यात्रा समापन के साथ व्यास पीठ पूजन कर कथा शुभारंभ किया गया। कथा वाचक पंडित ने भागवत कथा प्रसंगो पर व्याख्यान देते हुए व्यक्ति को जीवन में सत्कर्म की और आगे बढ़ने की बात कही। धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाएं और आमजन मौजूद थे।

### एक वृक्ष मां के नाम कार्यक्रम

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा किया गया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

एक वृक्ष मां के नाम कार्यक्रम में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एम एजाज खान के निर्देशानुसार जिले के सभी मंडलों में पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। ब्यावरा मंडल में राजगढ़ रोड स्थित कब्रिस्तान में पौधरोपण कार्यक्रम में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रामनारायण दांगी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला महामंत्री सैयद वकार अली, पार्षद एवं अंजुमन कमेटी सदर इकबाल हुसैन, पार्षद विक्रम जगताप, जिला उपाध्यक्ष भैया भाई, मंडल अध्यक्ष आमिर हुसैन, पूर्व पार्षद खलील भाई, जिला मीडिया प्रभारी कमरूद्दीन खान, अब्दुल अनीस, शादाब अंसारी, राजू भाई बेल्डिंग, रशीद भाई, असलम भाई, निजाम भाई, आबिद अली, अफजल शाह सहित मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### स्वर्णकार समाज का परिचय सम्मेलन हुआ

# 150 युवक-युवतियों ने मंच से अपना परिचय दिया, 8 के रिश्ते हो गए तय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्थानीय निजी गार्डन में रविवार दोपहर स्वर्णकार सोनी समाज द्वारा युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में लगभग 150 अभिभावकों ने अपने विवाह योग्य बच्चों का पंजीयन करवाया था। सम्मेलन के आरंभ में समाज के आराध्यदेव श्री अजमीढ़जी महाराज का पूजन-अर्चन किया गया। इसके उपरान्त एक-एक कर युवक-युवतियों ने मंच पर पहुंचकर अपना, अपने परिवार का परिचय दिया।

परिचय सम्मेलन के दौरान 8 परिवारों द्वारा युवक-युवतियों को पंसद कर उनके रिष्ते तय किए गए। पूरे दिन चले कार्यक्रम के दौरान परिचय सम्मेलन के साथ ही समाज के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। घोषणा हुई कि अगले वर्ष एक सामुहिक विवाह सम्मेलन भी आयोजित करवाया जाएगा। इस दौरान महिला प्रकोष्ठ की नगर अध्यक्ष के रूप में राजकुमार राजेष सोनी को दायित्व सौंपा गया कि वे सामाजिक आयोजनों को आगे बढ़ाएं और आगे और अच्छा क्या किया जा सकता है, इसको लेकर सभी महिलाओं से परामर्ष लेकर रूपरेखा तैयार करें।

#### 40 होनहार बच्चे हुए सम्मानित

सम्मेलन के दौरान बोर्ड परीक्षाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि प्राप्त करने वाले समाज के लगभग 40 बच्चों को शील्ड, प्रषस्ति-पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गोपाल सोनी, मुकेष सोनी, बनवारी सोनी, सुदर्षन सोनी, मनीष सोनी, संजय सोनी, कुंजबिहारी सोनी, सुरेष सोनी, राजेष सोनी, राजेंद्र कुमार सोनी, दीपक सोनी, राजेंद्र सोनी, गजेंद्र सोनी, मीडिया प्रभारी विनोद सोनी सहित समाज के गणमान्यजन व अन्य उपस्थित थे।

### हर घर में हो एक गोमाता, लक्ष्मी का रूप

## किसान यूनियन पदाधिकारियों का गोमाता पालने का संकल्प



**ब्यावरा।** भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति प्रदेश अध्यक्ष राम जगदीश दांगी के नेतृत्व में यूनियन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता सदस्य गांव खजूरखाड़ी आश्रम पहुंचे, जहां भगवान भोलेनाथ के दर्शनों का पुण्य लाभ अर्जित किया। वही गोमाता के दर्शन किए। इस दौरान किसान यूनियन महाशक्ति के सभी लोगों ने निर्णय लिया कि हर घर में एक गोमाता होनी जरूरी है, क्योंकि जिस घर में गोमाता होती है, वहां माता लक्ष्मी का रूप होता है और जो भगवान भक्त गोमाता पालता है। गोमाता की सेवा करता है, उनका दुख दर्द दूर हो जाता है। आज सभी टीम के सदस्यों ने गोशाला एवं आश्रम के दर्शन लाभ के साथ ही सभी साथियों ने संकल्प लिया कि हम गोमाता की सेवा के लिए अपने-अपने घरों में एक गोमाता को जरूर पालेंगे। अधिकांश सदस्यों के घरों पर तो गोमाता पाली जा रही है, किन्तु जिन भाइयों के घरों में गोमाता नही है, वहां भी होना जरूरी है।